भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1668**
जिसका उत्तर मंगलवार, दिनांक 06 अगस्त, 2024, 15 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

## मासिक जीएसटी आंकड़े जारी करना

**1668: श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 1 जुलाई, 2024 से मासिक जीएसटी आंकड़ों का प्रकाशन बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जीएसटी के ऐसे आंकड़े प्रकाशित नहीं किए जाने के कारणों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (ग): जीएसटी की वेबसाइट पर जीएसटी संग्रह का डाटा समय-समय पर प्रकाशित किया जाता है।

*****